# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

***प्रेस नोट- दिनांक 11.07.2024***

**ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 शातिर अन्तर्जनपदीय चोर को किया गया गिरफ्तार।**

**कब्जे से चोरी किये गये 02 महिन्द्रा ट्रैक्टर (अनुमानित कीमत 10,00,000/- रु0) किये गये बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना जसवंतनगर पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

**दिनांक 31.05.24** को वादी भूरे सिंह पुत्र हरवंशलाल निवासी ग्राम दयालपुरा थाना जसवंतनगर द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि रात्रि समय करीब 12.00 बजे अज्ञात चोरों द्वारा उसका महिन्द्रा ट्रैक्टर चोरी कर लिया गया। तहरीर के आधार पर थाना जसवंतनगर पर **मु0अ0सं0 101/24 धारा 379 भादवि** पंजीकृत किया गया तथा **दिनांक 10.07.2024** को वादी दिनेश पुत्र गंगाप्रसाद निवासी ग्राम नगला अर्जुन थाना जसवंतनगर द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 06/07.06.2024 की रात्रि समय करीब 01.30 बजे उसके खेत से अज्ञात चोरों द्वारा उसका ट्रैक्टर चोरी कर लिया गया। जिसके संबंध मे थाना जसवंतनगर पर **मु0अ0सं0 145/24 धारा 379 भादवि** पंजीकृत किया गया।

उक्त चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना जसवंतनगर से पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसके क्रम में थाना जसवंतनगर पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत थी।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी/छिनैती की घटनाओं के शीघ्र खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे आज दिनांक 10/11.07.2024 की रात्रि को थाना जसवंतनगर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि शंकर ढाबे के पास बन्द पड़े भट्टे के पीछे कुछ लोग 02 ट्रैक्टर लिए खड़े हैं जोकि संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना जसवंतनगर पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर पर बैठे 01 व्यक्ति को **थाना क्षेत्रान्तर्गत शंकर ढाबे के पास बंद पडे भट्टे के पीछे से समय 01.40 बजे रात्रि मे गिरफ्तार किया गया** व 03 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत है।

**पुलिस पूछताछः-**

गिरफ्तार किये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गयी तो व्यक्ति ने अपना नाम **राजेश कुमार उर्फ सुनील पुत्र भूरे सिंह उर्फ सुभाष चन्द्र निवासी ग्राम गुदाऊ टार डूँमर सिंह थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 42 वर्ष** बताया। पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि मैं व मेरे साथी 1. मन्तोष पुत्र राजवीर सिंह, 2. सत्यप्रकाश पुत्र घासीराम 3. अभिषेक पुत्र इन्द्रवीर, 4. लालू उर्फ अजय पुत्र रामगोपाल, 5. जैकी उर्फ भूरा पुत्र नासिर ने मिलकर करीब एक माह पहले यह महिन्द्रा 585 DI ग्राम दयालपुरा जसवन्तनगर तथा महिन्द्रा 575 DI ग्राम नगला अर्जुन थाना जसवन्तनगर के पास खेत से रात्रि के समय चोरी किये थे। मैं व मेरे साथी 1. अभिषेक, 2. लालू उर्फ अजय, 3. जैकी उर्फ भूरा इन ट्रैक्टरों को मध्यप्रदेश में बेचने के लिए ले

जा रहे थे। हम लोगों ने 01 ट्रैक्टर महिन्द्रा 265 DI ग्राम मीठेपुर मैनपुरी से चोरी किया था जिस ट्रैक्टर को मन्तोष व सत्यप्रकाश बेचने के लिए ले जा रहे थे जिन्हे ट्रैक्टर के साथ थाना करहल पुलिस ने पकड़ लिया था। ( उक्त चोरी की घटना के संबंध मे थाना करहल जनपद मैनपुरी पर **मु0अ0सं0 203/24 धारा 457/380/411 भादवि** पंजीकृत है। )

**उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना जसवंतनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 101/24 धारा 379 भादवि व मु0अ0सं0 145/24 धारा 379 भादवि मे धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. **राजेश कुमार उर्फ सुनील पुत्र भुरे सिंह उर्फ सुभाष चन्द्र निवासी ग्राम गुदाऊ टार डूँमर सिंह थाना लाइनपार फिरोजाबाद उम्र 40 वर्ष।**

**नोटः- मु0अ0सं0 101/24 एवं 145/24 धारा 379/411 भादवि मे प्रकाश मे आये अन्य अभियुक्तः-**

1. मंतोष पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगला भजन थाना एका जनपद फिरोजाबाद ( पुर्व मे चोरी के अभियोग मु0अ0सं0 203/24 मे दिनांक 03.07.2024 मैनपुरी पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है ।)
2. सत्यप्रकाश पुत्र घासीराम निवासी ग्राम महलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ( पुर्व मे चोरी के अभियोग मु0अ0सं0 203/24 मे दिनांक 03.07.2024 मैनपुरी पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है।)
3. अभिषेक पुत्र इन्द्रवीर निवासी किशनपुर थाना निधौलीकला जनपद एटा (वांछित)
4. लालू उर्फ अजय पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम पिलस्टर थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद (वांछित)
5. जैकी उर्फ भूरा पुत्र नासिर निवासी ग्राम टिकिया थाना डिडौली जनपद अमरोहा (वांछित)

**बरामदगी-**

1. **01 महिन्द्रा ट्रैक्टर 585 DI UP 75 AA 2367**
2. **01 महिन्द्रा ट्रैक्टर 575 DI UP 84 R 1272**

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 101/24 धारा 379/411 भादवि थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 145/24 धारा 379/411 भादवि थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 203/24 धारा 457/380/411 भादवि थाना करहल जनपद मैनपुरी।
2. मु0अ0सं0 101/24 धारा 379/411 भादवि थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 145/24 धारा 379/411 भादवि थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

**पुलिस टीम-** निरीक्षक श्री रामसहाय सिंह प्रभारी थाना जसवंतनगर, उ0नि0 प्रशान्त कुमार, उ0नि0 अनुज कुमार, हे0का0 बेलाल अहमद, का0 विकास, का0 रविन्द्र।

**नोट- मु0अ0सं0 101/24 में वादी भूरे सिंह पुत्र हरवंशलाल उपरोक्त एवं मु0अ0सं0 145/24 में वादी दिनेश पुत्र गंगाप्रसाद उपरोक्त द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इटावा पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा की गयी तथा अपनें- अपनें ट्रैक्टर सकुशल बरामद होने पर इटावा पुलिस व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा को विषेश धन्यवाद ज्ञापित किया गया।**